प्रेषक,

सचिव
माध्यमिक शिक्षा परिषद
उत्तर प्रदेश प्रयागराज।

सेवा में,

जिला विद्यालय निरीक्षक,
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः माoशिoपo/सिस्टम सेल/741 दिनांकः 09 अक्टूबर, 2025

विषयः **वर्ष 2026 की हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के शैक्षिक विवरणों में संशोधन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उ०प्र० की वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के शैक्षिक विवरणों की त्रुटियों के निराकरण हेतु सभी शैक्षिक विवरणों यथा विषय/वर्ग, छात्र के नाम, माता/पिता के नाम में वर्तनी त्रुटि, जेन्डर, जाति, फोटो तथा कक्षा–11 के पंजीकरण में अंकित हाईस्कूल के त्रुटिपूर्ण अनुक्रमांक को संशोधित कराये जाने हेतु **दिनांक 11.10.2025 से 25.10.2025 की मध्यरात्रि 12:00 बजे तक** परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in क्रियाशील रहेगी।

अस्तु प्रदेश के समस्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यो को विशेष रूप से निर्देशित कर दें कि परिषद की वेबसाइट पर अपलोड हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2026 के सभी संस्थागत/व्यक्तिगत छात्र/छात्राओं के शैक्षिक विवरणों में निम्नांकित बिन्दुओं की विद्यालयीय अभिलेखों से भली–भाँति जांच करा ली जायः–

(1) छात्र, माता एवं पिता के नाम में वर्तनी त्रुटि
(2) विषय/वर्ग में संशोधन
(3) जेन्डर संशोधन
(4) जाति संशोधन
(5) फोटो अपडेशन
(6) कक्षा–11 के पंजीकरण में अंकित हाईस्कूल के त्रुटिपूर्ण अनुक्रमांक का संशोधन

परीक्षार्थियों के उपर्युक्त विवरणों में किसी प्रकार की त्रुटि मिलने पर तदनुसार सम्बंधित प्रधानाचार्य द्वारा उसे वेबसाइट पर लॉगइन कर समयान्तर्गत संशोधित/अपडेट करा दिया जाय।

उक्त के अतिरिक्त ऑफलाइन माध्यम से छात्र/छात्राओं की जन्मतिथि में संशोधन, छात्र/माता/पिता का पूर्ण नाम संशोधन एवं छात्र/छात्राओं के विवरण को नियमानुसार डिलीट/रिस्टोर किये जाने सम्बंधी संशोधन हेतु प्रधानाचार्यो से **दिनांक 31.10.2025** तक निम्नांकित प्रपत्रों के साथ प्रार्थना पत्र प्राप्त कर लें:–

- छात्र का प्रवेश आवेदन पत्र
- एस0आर0 रजिस्टर की प्रमाणित प्रति
- उपस्थिति पंजिका की प्रमाणित प्रति
- परीक्षार्थी का पहचान पत्र
- कक्षा 9वीं अथवा 11वीं के पंजीकरण कार्ड की प्रतिलिपि
- सही प्रविष्टियों से सम्बन्धित हलफनामा (AFFIDAVIT)

Scanned with CamScanner

- जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित टी० सी०
- जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित टी० सी०
- विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित आवेदन पत्र

उपरोक्त अभिलेखों/प्रपत्रों का परीक्षण कर अपनी संस्तुति सहित सुसंगत आख्या सम्बंधित क्षेत्रीय कार्यालय को **दिनांक 05.11.2025 तक** अनिवार्य रूप से प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करे।

भवदीय

(भगवती सिंह)
सचिव

पृ०सं०– मा०शि०प०/सिस्टम सेल/ 741-2 दिनांक: 09 अक्टूबर 2025

उक्त प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया सन्दर्भगत प्रकरण में व्यक्तिगत रूचि लेते हुये मण्डल के समस्त जिला विद्यालय निरीक्षकों को अपने स्तर से भी उक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
2. अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षे०का० मेरठ, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी तथा गोरखपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि परिक्षेत्र के जिला विद्यालय निरीक्षकों के माध्यम से ऑफलाइन प्राप्त छात्र/छात्राओं की जन्मतिथि में संशोधन, छात्र/माता/पिता का पूर्ण नाम संशोधन एवं छात्र/छात्राओं के विवरणों को डिलीट/रिस्टोर से सम्बंधित प्रकरणों का भली–भाँति परीक्षण कर उपयुक्त पाये जाने की दशा में **दिनांक 20.11.2025** तक सम्बंधित कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित कर कार्रवाई पूर्ण करायें। इसके साथ ही संशोधन के सम्बंध में प्रस्तुत साक्ष्यों को कार्यालय में सुरक्षित रखा जाए।

9/10/25
(भगवती सिंह)
सचिव

Scanned with CamScanner